सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 78 ज्येष्ठ 7, गुरुवार, शाके 1948– मई 28, 2026 अंक 9
Vol. 78 Jyaistha 7, Thursday, Saka 1948 – May 28, 2026 No. 9

भाग 7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ–पत्र

मैं, सिमका राम पुत्र श्री बाबराराम, उम्र 76 वर्ष, जाति मेघवाल, निवासी विराणा, तहसील सायला, जिला जालोर (राजस्थान), शपथपूर्वक यह घोषणा करता हूँ किः–

1. यह कि मेरे नाम से संबंधित पूर्व में जारी दस्तावेज आधार कार्ड में दर्ज नाम को मैं परिवर्तन/संशोधन करवाना चाहता हूँ।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड में पूर्व में मेरा नाम सवाजी बाबराजी अंकित हो गया था, जबकि मेरा सही एवं वास्तविक नाम सिमका राम है।
3. यह कि मेरे अन्य सभी दस्तावेज जैस वोटर कार्ड, राशन कार्ड, जनआधार कार्ड एवं अन्य अभिलेखों में मेरा सही नाम सिमका राम ही दर्ज है।
4. यह कि आधार कार्ड में दर्ज गलत नाम सवाजी बाबराजी को हटाकर उसके स्थान पर मेरा सही नाम सिमका राम दर्ज किया जाना आवश्यक है।
5. यह कि यह नाम परिवर्तन एवं संशोधन अन्य वास्तविक कारणों से किया जा रहा है तथा भविष्य में मेरे द्वारा सभी शासकीय, अर्धशासकीय, शैक्षणिक एवं निजी कार्यों में मेरा सही नाम सिमका राम ही प्रयोग किया जाएगा।
6. यह कि यह शपथ–पत्र मेरे नाम परिवर्तन/संशोधन हेतु संबंधित विभागों एवं राजपत्र (गजट) प्रकाशन हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है।

अ.नि.
सिमका राम
हस्ताक्षर शपथग्रहीता

इति दिनांकः– 09.04.2026

तस्दीक

मैं सिमका राम पुत्र श्री बाबराराम, जाति मेघवाल, निवासी विराणा, तहसील सायला, जिला जालोर आज बमुकाम सायला शपथपूर्वक तस्दीक करता हूँ कि उपरोक्त तथ्य मेरी निजी जानकारी अनुसार सही एवं सत्य हैं। किसी भी प्रकार के गलत तथ्य के लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा।

अ.नि.
सिमका राम
हस्ताक्षर शपथग्रहीता

इति दिनांकः– 09.04.2026

Identified by : ओणाराम पुत्र सिमका राम,
गांव किराणा ता. सायला, जिला जालोर।

ATTESTED
B. N. SINGH
10-04-2026
NOTARY, SAYLA
DISTT. JALORE (RAJ.).
5982

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।